भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1347
सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**बिहार के रोहतास और कैमूर में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत धनराशि**

**1347. श्री मनोज कुमार:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार के रोहतास और कैमूर जिलों में स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) के अंतर्गत इसके प्रारम्भ से लेकर अब तक आवंटित, स्वीकृत, वितरित और उपयोग की गई धनराशि का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत विशेष रूप से उक्त जिलों में पर्यटक सेवाओं और पर्यटकों की सहभागिता में सुधार हेतु किए जा रहे प्रौद्योगिकीय एकीकरण का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार उक्त योजना के अंतर्गत उक्त जिलों में स्थलों का विकास करके अवसंरचनात्मक सुविधाओं को बढ़ाने हेतु अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ साझेदारी की संभावनाओं का पता लगाने का है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने उक्त योजना के विस्तार हेतु उक्त जिलों में उक्त स्थलों को शामिल करने हेतु एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है जिसमें उक्त स्थलों के नाम भी शामिल हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्यतः संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', ‘स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है; बशर्ते कि इसके लिए धन की उपलब्धता हो, योजना से संबंधित दिशानिर्देशों का पालन किया गया हो, राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत कर दी गयी हो, आदि।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' की अपनी पहल के तहत राज्यों को पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की है।

बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन, एसडी 2.0 और सीबीडीडी योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के साथ-साथ आवंटित, जारी/अधिकृत और उपयोग की गई निधियों का विवरण **अनुबंध** में संलग्न है।

राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त परियोजना प्रस्ताव में, संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा व्याख्यान केंद्र के अंतर्गत डिजिटल डिस्प्ले, ऑनलाइन टिकटिंग के लिए वेबसाइट तैयार करने और पर्यटक सूचना केंद्र के अंतर्गत ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल रियलिटी (एआर/वीआर) सुविधाओं जैसे कुछ घटकों को शामिल किया गया है।

इस समय, पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत किसी भी पर्यटन कार्यक्रम को अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित नहीं किया जा रहा है।

********

**अनुबंध**

श्री मनोज कुमार द्वारा बिहार के रोहतास और कैमूर में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत धनराशि के संबंध में दिनांक 28.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1347 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

**बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्रम संख्या** | **परिपथ / स्वीकृति का वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **जारी / अधिकृत राशि** | **उपयोग की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तीर्थंकर परिपथ 2016-17 | वैशाली - आरा - मसद -पटना- राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास | 33.96 | 30.04 | 29.36 |
| 2. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | कांवरिया रूट: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास | 44.76 | 42.52 | 42.17 |
| 3. | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बोधगया में बौद्ध परिपथ का विकास - कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 95.18 | 95.18 | 95.18 |
| 4. | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा - चंद्रहिया - तुरकौलिया का विकास | 44.27 | 40.31 | 40.31 |
| 5. | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 | 42.32 | 42.32 |

**बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **अनुभव का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **राज्य की कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग के लिए अधिकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 . | 2024-25 | बोधगया | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास | 165.44 | 16.54 |

**बिहार राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना *के* अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण :**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति का वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **राज्य की कार्यान्वयन एजेंसी द्‌वारा उपयोग के लिए अधिकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | सोनपुर मेला ग्राउंड, सारण में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 24.29 | 2.43 |

******